# नौकर हूँ तेरा साँवरे | By Pinki Gehlot

नौकर हूं तेरा सांवरे सेवा करू तुम्हारी
मैं सेवा करू तुम्हारी
तन मन सोंग दिया रे मैंने तुझ पर मैं बलिहारी

प्रेमी बहुत है तेरे करते सेवा दारी
कृपा करो मुझ पर भी रीजो लखदातारी
तू तो अपने सेवक से कर लेता सच्ची यारी

काबिल नहीं हूं मैं तो फिर भी अपना बनाया
चरण चाकरी देकर मुझको है दास बनाया
मैं चाकर तुम ठाकुर मेरे कृपा हुई तुम्हारी

मेरे सत कर्मो का ऐसा सिला मिला है
उजड़ा था गुलशन जो तेरी दया से खिला है
चोखानी ने तेरे दर से पाइ खुशियां सारी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a5%8c%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a5%82%e0%a4%81-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%81%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-pinki-gehlot/